## समाचार
## स्वच्छता पखवाड़ा–मेरा स्वच्छ तालाब
## महापौर ने किया बालको के उपका तालाब का निरीक्षण
## (तालाबों के संरक्षण पर दिया बल, सफाई कार्य में निभाई भागीदारी)



कोरबा 06 अक्टूबर 2015 –स्वच्छता पखवाड़ा के बारहवें दिन आज '' मेरा स्वच्छ तालाब '' की थीम पर गतिविधियों का संचालन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बालकोनगर के उपका तालाब का भ्रमण किया, उन्होने तालाबों की साफ–सफाई पर बल देते हुए कहा कि तालाब हमारी धरोहर है तथा इन्हें संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने तालाब के सफाई कार्य में अपना योगदान भी दिया।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन विगत 25 सितम्बर से किया जा रहा है, प्रत्येक दिन पृथक–पृथक थीम पर गतिविधियों का संचालन एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा स्थलों का भ्रमण तथा साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़े के बारहवें दिन आज '' मेरा स्वच्छ तालाब '' की थीम पर गतिविधियों का संचालन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार स्थित उपका तालाब का भ्रमण एवं निरीक्षण किया, उन्होने तालाबों की साफ–सफाई पर विशेष बल देते हुए कहा कि तालाब हमारी अनमोल धरोहर है, इन्हें साफ स्वच्छ रखना तथा तालाबों को सुरक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिला लोक शिक्षा समिति कोरबा द्वारा वहां साक्षर भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। कार्यकम में उपस्थित स्कूली बच्चों को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने तालाबों की महत्वा की जानकारी देते हुए तालाबों की साफ–सफाई में बच्चों के योगदान पर चर्चा की, उन्होने कहा कि हम सभी का यह परम कर्तव्य बनता है कि हम तालाबों को सुरक्षित रखें, उन्हें साफ–सुथरा रखें। इस दौरान उपका तालाब में सफाई कार्य भी किया गया, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सफाई कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य इंदिरा कौशिक, पार्षद संतोष कुर्रे, पूर्व सभापति संतोष राठौर,

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, विकास डालमिया, श्रीकांत माझी, कृष्णकुमार चौकसे, पीयूष पाण्डेय, प्रभात डडसेना, रवि सोनवानी, परियोजना अधिकारी अशोक नायर, जे.एस. मानसर, सी.आर.देवांगन, अजय यादव, अविनाश वस्त्रकार, रवि सोन, अनीष कुमार, आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

निगम के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया भ्रमण– स्वच्छता पखवाड़े में आज की थीम '' मेरा स्वच्छ तालाब '' के तहत निगम के जनप्रतिनिधियों, जिले व निकाय के अधिकारियों ने निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने तालाबों की साफ–सफाई का जायजा लेने के साथ ही तालाबों को स्वच्छ बनाये रखने के संबंध में वहां के निवासियों से चर्चा की। जनप्रतिनिधियों व निकाय के अधिकारियों द्वारा मुड़ापार तालाब, राताखार तालाब, पोड़ीबहार तालाब, गेवरा बड़ा तालाब, बांधापारा तालाब सहित अन्य विभिन्न तालाबों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्षद शिव अग्रवाल, सुफल दास महंत, राजा गुप्ता, रवि चन्देल, रामगोपाल यादव, प्रदीप जायसवाल, श्यामसुंदर कैवर्त, गोमती भारद्वाज, अमरजीत सिंह, बसंत चन्द्रा, परियोजना प्रशासक ए.के. गढ़ेवाल, उप संचालक कृषि एल.एस.ध्रुव, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के. नाथ, लीलाधर पटेल, हरिशंकर साहू, राजबहादुर सिंह, नागेश यादव, विकास शुक्ला, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने तालाबों का भ्रमण किया।

07 अक्टूबर की थीम–स्वच्छता पखवाड़े के तेरहवें दिन 07 अक्टूबर 2015 को '' मेरी स्वच्छ नाली एवं उद्यान '' की थीम के आधार पर गतिविधियों का संचालन होगा तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नालियों व उद्यानों का निरीक्षण किया जाएगा। इसी दिन नगर परामर्शदात्री समिति की बैठक एस.बी.एम.के सिटी सेनिटेशन प्लान के अनुमोदन हेतु साकेत भवन में सायं 04 बजे सम्पन्न होगी।